6. लिंग

पुरुष तथा स्त्री जाति का बोध कराने वाले शब्द लिंग कहलाते हैं। सभी सजीव-निर्जीव वस्तुओं का लिंग निश्चित होता है।

शिक्षण-संकेत

❖ छात्र लिंग शब्दों से भली-भाँति परिचित हो चुके हैं। अतः पृष्ठ-36 पर दिए चित्र में से स्त्री तथा पुरुष जाति के शब्द बताने को कहें।

❖ लिंग की परिभाषा पूछें। लिंग के भेद भी बताने को कहें।

❖ पृष्ठ 36-37 पर दिए पुल्लिग-स्त्रीलिंग के रूप में प्रयुक्त होने वाले शब्द पढ़वाएँ और समझाएँ।

❖ हमेशा पुल्लिग और हमेशा स्त्रीलिंग रहने वाले शब्दों के बारे में बताएँ।

❖ समझाएँ, निर्जीव शब्दों का लिंग निर्धारण वाक्य प्रयोग द्वारा किया जाता है। वाक्य की क्रिया द्वारा निर्जीव वस्तुओं का लिंग पता चलता है।

❖ पुल्लिग शब्दों से स्त्रीलिंग शब्द किस प्रकार बनाए जाते हैं, समझाएँ। पाठ पृष्ठ 38-40 पर दिए शब्दों को पढ़वाएँ और एक-एक करके प्रत्येक नियम समझाएँ।

❖ सुनिश्चित करें कि प्रत्येक छात्र पाठ समझ रहे हैं।

❖ 'अब तक हमने सीखा' द्वारा पाठ विषय की पुनरावृत्ति करवाएँ।